Amarujala

HPSSC announces TGT interview schedule

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर ने विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित कर दी हैं। टीजीटी नॉन मेडिकल के साक्षात्कार 27 सितंबर से 1 अक्तूबर और 3 अक्तूबर को होंगे।

क्लर्क के 3 अक्तूबर, ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट के साक्षात्कार 3 अक्तूबर से 5 अक्तूबर तक, टीजीटी आर्ट्स के साक्षात्कार 14 और 15 अक्तूबर और 17 से 22 अक्तूबर के बीच होंगे।

आयोग के सचिव ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र भेज दिए गए हैं। अगर किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार से तीन दिन पूर्व पत्र नहीं मिलता है तो वह कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-221841, 222204 पर संपर्क कर सकते हैं।